आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 07.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत, दुनिया के लिए उच्च विकास दर और निम्न मुद्रास्फीति का मॉडल बन रहा है।
- इस्तेमाल किए गए खाद्य तेल के पुनः उपयोग को रोकने के लिए राज्य में 'रुको मिशन' को तेज गति से लागू; अब तक एक हजार छह सौ किलो से अधिक तेल को दोबारा पकाने में उपयोग होने से रोका गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की; सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुँचाने पर दिया जोर।
- देहरादून के चंद्रभागा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने चलाया अभियान; 20 से अधिक अवैध झोपड़ियों को हटाया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वर्तमान में दुनिया के लिए उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद दर में वृद्धि देश की बढ़ती प्रगति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक मजबूत विशाल आर्थिक प्रतीक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में भारत की स्थिति दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि चुनौतियों और अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में भारत की अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब लोग आर्थिक मंदी की बात कर रहे हैं, भारत अपनी विकास गाथा गढ़ रहा है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि विश्वास के संकट से भरी दुनिया में भारत विश्वास के स्तंभ और एक सेतु निर्माता के रूप में खड़ा है, जबकि दुनिया बिखर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले परिवर्तन आज डाली जा रही मजबूत नींव में निहित है। उन्होंने 2025 को प्रत्यक्ष कर प्रणाली से लेकर जीएसटी तक सुधारों का वर्ष बताया। प्रधानमंत्री ने मानसिक गुलामी और औपनिवेशिक मानसिकता को भी विकसित भारत के लक्ष्य में प्रमुख बाधा बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र आत्मविश्वास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता।

रुको मिशन

इस्तेमाल किए गए खाद्य तेल के पुनः उपयोग को रोकने के लिए राज्य में 'रुको मिशन' को तेज गति से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर स्वास्थ्य सचिव और आयुक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार के नेतृत्व में इस अभियान को मिशन मोड में चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य इस्तेमाल किए गए तेल को दोबारा पकाने में उपयोग होने से रोकना और उसे बायोफ्यूल जैसे सुरक्षित उपयोगों में परिवर्तित करना है। 2019 में जहां केवल 600 लीटर तेल एकत्र हुआ था, वहीं अब यह बढ़कर एक लाख छह हजार चार सौ चौदह किलो तक पहुंच गया है। चारधाम यात्रा के दौरान भी एक हजार दो सौ किलो तेल एकत्र कर बायोफ्यूल बनाया गया।

राज्य में जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को प्रशिक्षित किया गया। अभियान की सफलता के कारण उत्तराखंड को मॉडल राज्य के रूप में पहचान मिली है। इसे अब गढ़वाल और कुमाऊं में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है और रुको अभियान को और व्यापक रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि उपयोग किये गये तेल को किसी हालत में खाद्य श्रृंखला में वापस न आने देने का लक्ष्य है।

सांसद खेल महोत्सव

देहरादून के सहसपुर स्थित मिनी स्टेडियम शंकरपुर में सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण की विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। यह आयोजन राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के सौजन्य से खेल, शिक्षा और युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया गया है।

प्रतियोगिताओं में कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, 100 मीटर, 400 मीटर, खो–खो और पारंपरिक खेल पिट्ठू में लगभग 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं और यह आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है। वहीं, स्थानीय विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि यह महोत्सव युवाओं में नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने में मदद करता है।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस वीर सैनिकों के बलिदान और सेवाओं को स्मरण करने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों पर हर भारतीय को गर्व है।

उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की अपील की है।

समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुँचाने पर जोर दिया और कहा कि इसमें किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सेवाओं को सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बागेश्वर में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए सड़क चौड़ीकरण और हेली सेवाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

कृषि और उद्यान विभाग को स्थानीय उत्पाद जैसे लाल चावल, अदरक, हल्दी और शहद के लिए बड़े बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शहद उत्पादन को मिशन मोड में बढ़ाया जा रहा है और उच्च मूल्य वाली फसलों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी और विभागों के अधिकारियों ने विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

मानव–वन्यजीव संघर्ष

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने सचिवालय में मानव–वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं को लेकर बैठक की। बैठक में प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई निर्णय लिए गए।

वन विभाग को निर्देश दिया गया कि भालू और गुलदार की गतिविधियों से प्रभावित 20 वन प्रभागों में प्रत्येक को 50 सोलर लाइट, 25 बुश कटर, फॉक्स लाइट और ट्रैंकुलाइजिंग उपकरण सहित आवश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि निगरानी और सुरक्षा मजबूत हो और जनहानि की संभावना कम हो।

वन मंत्री ने प्रदेश के सांसदों और विधायकों से आग्रह किया कि वे अपनी निधि से प्रभावित क्षेत्रों में सहायता प्रदान करें। इसके साथ ही पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे संवेदनशील जिलों में राहत कार्य तेज करने और निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई

देहरादून के चंद्रभागा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर 20 से अधिक अवैध झोपड़ियों को हटाया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर की गई। जांच में पाया गया कि इन झोपड़ियों का सीवर सीधे गंगा नदी में गिर रहा था, जिसके संबंध में जिलाधिकारी को शिकायतें मिल रही थीं।

उप ज़िलाधिकारी योगेश कुमार और नगर आयुक्त गोपालराम बिनवाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाया। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा की स्वच्छता प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी तरह का अतिक्रमण या अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम और राजस्व विभाग ने बताया कि क्षेत्र की नियमित सफाई कराई जा रही है और भविष्य में अतिक्रमण रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई जाएगी।

पिपिंग सरेमनी

भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में स्पेशल लिस्ट–38 कोर्स के 56 ऑफिसर कैडेट के सम्मान में कल पिपिंग समारोह आयोजित किया गया। इस कोर्स में वे सैनिक शामिल हैं जो पूर्व में सेना में सेवा दे चुके हैं और अब अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

समारोह में जूनियर अंडर ऑफिसर कुलबीर कुमार को कमांडेंट स्वर्ण पदक और ऑफिसर कैडेट अनंत पांडे को रजत पदक प्रदान किया गया। आईएमए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने कैडेटों को शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र सेवा तथा निष्ठा के मूल्यों पर कायम रहने के लिए प्रेरित किया।

अकादमी में दिए गए प्रशिक्षण ने कैडेटों के नेतृत्व गुण और सैन्य दक्षता को और निखारा। आईएमए प्रवक्ता मेजर भारत राणा ने कहा कि इस कोर्स की कमीशनिंग सेना को अनुभवी और प्रशिक्षित अधिकारी प्रदान करेगी, जिससे उसकी क्षमता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर......

आज के समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्राथमिकता दी है।

उत्तराखंड नगर निकायों में एक हजार 600 करोड़ की लागत से मिलेगा पानी अमर उजाला सामाचार पत्र का शीर्षक है। सामाचार पत्र के अनुसार इसी महीने आएगी विश्व बैंक की टीम। चकराता टाउनशिप, सेलाकुई समेत प्रदेश के कई संभावित निकाय चिन्हित।

इंडिगो संकट पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– हवाई और रेल यात्रियों को नापनी पड़ी सड़क; दून आने वाली तीन उड़ाने रद्द, तीन देरी से पहुंची। सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन रद्द यात्री परेशान। वहीं, दैनिक जागरण का शीर्षक है इंडिगो की मनमानी पर सरकार सख्त; तय की किराए की सीमा, इंडिगो के सीईओ को डीजीसीए का नोटिस, 24 घंटे में जवाब मांगा

राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का शीर्षक है उत्तराखंड राज्य में खाद्य तेल के री यूज पर कड़ी निगरानी। स्वास्थ सचिव एवं आयुक्त एफडीए डॉक्टर आर राजेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में खाद्य तेल के री यूज पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है किसी भी स्थिति में जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।